



# न्यूज़ लेटर
# उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

जुलाई–2020

**अन्दर के पृष्ठों पर.......**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

- दिनांक 26.06.2020 : श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश द्वारा 75 जनपदों में तैनात उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के पर्यवेक्षण अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का शुभारम्भ करते हुए श्री गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उद्देश्य को स्पष्ट किया। श्री गुप्ता ने कोविड–19 संक्रमण से बचाव सम्बन्धी पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश/रेडियो मुख्यालय के निर्देशों व आवश्यक सामग्रियों के क्रय हेतु बजट आवंटन के सम्बन्ध में सभी को संवेदित किया तथा कोविड–19 से संक्रमित पुलिस रेडियो स्टाफ एवं उनकी वर्तमान स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। श्री गुप्ता ने यह अपेक्षा की कि पुलिस रेडियो स्टाफ द्वारा कोविड–19 के सम्बन्ध में पुलिस/प्रशासन की मदद में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों का विवरण रेडियो मुख्यालय को नियमित तौर पर भेजा जाय। श्री गुप्ता ने उत्तर प्रदेश पुलिस हेतु पुलिस संचार व्यवस्था के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को अनुशासन में रहकर निष्पक्षता तथा लगन से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। जीवन में शुचिता तथा महिलाओं के सम्मान करने पर बल दिया। सतत तकनीकी ज्ञानवर्द्धन व डिज़ीटल वायरलेस सेट की तकनीकी समझने तथा पुलिस स्टाफ को भी प्रशिक्षित करने हेतु दिशा–निर्देश दिये। डिज़ीटल संचार के सम्बन्ध में क्या करें, क्या न करें, सम्बन्धी विवरण रेडियो मुख्यालय से जनपदों को भेजने के निर्देश भी दिये।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों से वायरलेस सेटों के भौतिक सत्यापन, रेडियो मुख्यालय से आवंटित अनुदान के सदुपयोग, मृतक आश्रितों की भर्ती के लम्बित प्रकरणों, लम्बित जाँच/विभागीय कार्यवाहियों इत्यादि विषयों की सघन समीक्षा की गयी।

अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा, उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ स्थित पद्मश्री छत्र पति जोशी सभागार से, की गयी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में रेडियो मुख्यालय पर उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) श्री अनिल कुमार, श्री सत्य प्रकाश सिंह एवं श्रीमती सुनीता शर्मा, राज्य रेडियो अधिकारी, श्री सुनील कुमार शुक्ल तथा सहायक रेडियो अधिकारी, श्री ब्रजेन्द्र भारद्वाज सम्मिलित रहे।





## सराहनीय कार्य


- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 मुख्य मंत्री, उ0प्र0 | |
| 08.06.2020 | वाराणसी, आजमगढ़ |
| 07.06.2020 | बस्ती |

- दिनांक 10.06.2020: कण्ट्रोल रुम, बदायूँ पर समय 2010 बजे सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे अण्डरपास ग्राम–बसन्तनगर गौटिया, थाना–सिविल लाइन, बदायूँ पर प्रचलित रेलवे के कार्य के दौरान 03 मजदूर मिट्टी में दब गये हैं। इस सूचना पर ड्यूटीरत प्रधान परिचालक/4142, श्री हेमेन्द्र सिंह द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीआरवी, सम्बन्धित थानाध्यक्ष एवं उच्चाधिकारियों को सूचित करते हुए क्रेन, फायर सर्विस वाहन एवं एम्बुलेन्स को समय से भेज कर तीनों मजदूरों को अस्पताल पहुँचाकर उनकी जान बचा ली गयी। श्री सिंह की समझबूझ एवं त्वरित कार्यवाही की उच्चाधिकारियों द्वारा भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी।

## कोविड–19 सम्बन्धी सराहनीय कार्य

- रेडियो निरीक्षक, रामपुर के पत्र संख्याः आरआईआरपी–(आरएससीडब्लू)/ 20 दिनांक 13.06.2020 द्वारा अवगत कराया है कि जनपद रामपुर में नियुक्त रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विनय कश्यप को Anti Corruption Foundation of India द्वारा National Corona Warrior Award से सम्मानित किया गया है।




- सहायक रेडियो अधिकारी, गौतमबुद्धनगर के पत्र संख्याः एआर–जीबीएन–34(सराहनीय कार्य)/2020 दिनांक 05.06.2020 द्वारा पुलिस आयुक्त, गौतमबुद्धनगर के निर्देशानुसार कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु जनता के सहयोगार्थ सी.सी. आर./डी.सी.आर, गौतमबुद्धनगर पर कोविड–19 हेल्पलाइन नम्बर स्थापित कराने तथा कॉल प्राप्त होने पर सामान्यजन को चिकित्सा एवं खान–पान सामग्री हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित करने से अवगत कराया गया है। साथ ही जनपद के सीमावर्ती राज्य/जनपदों की सीमा पर बैरियरों की ड्यूटी तथा कासना क्षेत्र में बने अस्थायी जेल पर लगे पुलिस बल को संचार व्यवस्था हेतु आवश्यकतानुसार स्टैटिक, मोबाइल एवं हैण्ड हेल्ड सेट उपलब्ध कराये गये हैं। प्रवासी मजदूरों को उनके गन्तव्य स्थान पर पहुँचाने हेतु रेलवे स्टेशन, दादरी व दनकौर पर ट्रेनों के संचालन के दौरान अस्थायी कण्ट्रोल रूम की स्थापना कर उत्तम संचार व्यवस्था भी उपलब्ध करायी गयी।

## पुलिस मुख्यालय, उ0प्र0 के आदेश/निर्देश

- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याः डीजी–आठ–93(03)/ 2020–5 दिनांक 18.06.2020 एवं पत्र संख्याः डीजी–आठ–93(03)/ 2020–5/1959 दिनांक 24.06.2020 द्वारा कोविड–19 के दृष्टिगत "कोविड कल्याण हेल्प डेस्क" के सम्बन्ध में व्यापक दिशा–निर्देश प्रदान करते हुए प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु समस्त पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को निर्देशित करने के साथ ही समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष/ज़ोनल अपर पुलिस महानिदेशक, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं पीएसी के अधिकारियों से अनुपालन की अपेक्षा की गयी है।
- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याः डीजी–आठ–93(03)/ 2020–5 दिनांक 18.06.2020 द्वारा कोविड–19 की रोकथाम हेतु कन्टेनमेन्ट ज़ोन में सतर्कता/सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में व्यापक दिशा–निर्देश प्रदान करते हुए प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु समस्त पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को निर्देशित करने के साथ ही समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष/ज़ोनल अपर पुलिस महानिदेशक, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं पीएसी के सेनानायकों से अनुपालन की अपेक्षा की गयी है।
- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याः कल्याण–23/निर्देश पुस्तिका(प्रा. फण्ड)2016 दिनांक 16.06.2020 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के समस्त जनपदों/वाहिनियों एवं इकाइयों में प्रचलित प्राइवेट फण्डों की व्यय सीमा में वृद्धि किये जाने विषयक दिशा–निर्देश, ऑडिट एवं रख–रखाव आदि की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने हेतु समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष/पुलिस आयुक्त, लखनऊ/गौतमबुद्धनगर को निर्देशित किया गया है।
- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः नौ–905(निर्देश)2020 दिनांक 05.06.2020 द्वारा पुलिस कर्मियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही सम्पादित किये जाने के सम्बन्ध में समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त/अपर पुलिस आयुक्त, लखनऊ एवं गौतमबुद्धनगर को निर्देशित किया गया है।

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्याः एम–104/2017(मिस) दिनांक 29.06.2020 द्वारा उपकरण/सामग्री जेम पोर्टल से खरीदने हेतु निर्देश दिये गये हैं।
- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के ज्ञाप संख्याः डीआईजी (पी/टी) एचक्यू–21/2020 दिनांक 27.06.2020 द्वारा दिनांक 26.06.2020 को अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों से की गयी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिये गये आदेशों–निर्देशों का अनुपालन किये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्याः सीए/एडीजी–01/2020 दिनांक 18.06.2020 द्वारा कोविड–19 संक्रमण से बचाव के सम्बन्ध पूर्व प्रदत्त निर्देश दिनांक 17.03.2020 एवं उपलब्ध कराये गये बजट के क्रम में प्रदत्त निर्देशों को पूर्ण गम्भीरता से लिये जाने एवं पर्यवेक्षणाधीन जनपदों में औचक निरीक्षण कर निर्देशों के अनुपालन कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

- राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के पत्र संख्याः एसआरओ(प्रशा0)–34/2020 दिनांक 16.06.2020 में उल्लेख किया गया है कि अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा प्रदेश के जनपदों/पीएसी वाहिनियों में तैनात पुलिस रेडियो कार्मिकों के असामयिक निधन होने, दुर्घटनाग्रस्त होने, किसी गम्भीर बीमारी से पीड़ित होकर अस्पताल में भर्ती होने एवं संचार व्यवस्था से सम्बन्धित अतिआवश्यक एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं की जानकारी फील्ड में तैनात पुलिस रेडियो विभाग के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा समय से अवगत न कराये जाने के परिप्रेक्ष्य में अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है। अतः भविष्य में उक्तानुसार कोई घटना घटित होती है या उल्लेखनीय कार्य होता है तो उसकी सूचना ज़ोन के वरिष्ठतम राजपत्रित अधिकारी द्वारा जरिए दूरभाष अथवा सीयूजी मोबाइल पर तत्काल अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 को तथा सम्बन्धित उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) को सूचित किये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।
- राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के पत्र संख्याः एसआरओ(प्रशा0)–21/2020 दिनांक 13.06.2020 के माध्यम से अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी–1/2020 दिनांक 11.06.2020 द्वारा रेडियो मुख्यालय पर गठित निरीक्षण प्रकोष्ठ को तत्काल प्रभाव से समाप्त किये जाने के परिणामस्वरुप निरीक्षण आख्या निरीक्षण प्रकोष्ठ को पृष्ठांकित न कर एक प्रति सहायक रेडियो अधिकारी (कार्मिक) को भेजे जाने से अवगत कराया गया है। यह आख्या सहायक रेडियो अधिकारी (कार्मिक) द्वारा सम्बन्धित लिपिक को भेजी जायेगी और लिपिक द्वारा अनुवर्ती कार्यवाही की जायेगी।
- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी–1 /2020 दिनांक 11.06.2020 द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निरीक्षण प्रकोष्ठ को तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए वहाँ पर नियुक्त कार्मिकों की अन्य कार्यालयों में तैनाती के साथ ही राजकीय सम्पत्ति एवं अभिलेखों के हस्तांतरण के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये हैं।

## पदोन्नति

- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश संख्याः पी–773/2016 दिनांक 01.06.2020 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो अधीनस्थ सेवा नियमावली–2015 (यथासंशोधित) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत 05 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यॉत्रिक) को निम्नानुसार रेडियो उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान करते हुए उनकी वर्तमान नियुक्ति जनपद/इकाई में कार्यभार ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया है– 1. श्री राजेन्द्र सिंह चौहान, बाँदा, 2. मो0 हमीद उल्लाह सिद्दीकी, रेडियो मुख्यालय, 3. श्री जकी खॉ, बरेली, 4. श्री शमीम अहमद, बस्ती, एवं 5. श्री महेन्द्र राम, बलिया।

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में जून–2020 में 86 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से जून–2020 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर निम्न 29 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुरेश कुमार मिश्रा, रेडियो मुख्यालय, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री चन्द्र प्रताप सिंह, रेडियो मुख्यालय, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजेन्द्र कुमार द्विवेदी, ललितपुर, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सिब्तैन हैदर, रेडियो मुख्यालय, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुरेन्द्र नाथ राय, जौनपुर, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री पुरुषोत्तम, महाराजगंज, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दुष्यन्त कुमार मिश्र, कानपुर नगर, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव, देवरिया, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजेश कुमार, झाँसी, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुरेन्द्र पाल यादव, संतकबीरनगर, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री द्वारिका धीश पाण्डेय, 20वीं वाहिनी, आजमगढ़, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सरदार मोहम्मद, अमरोहा, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुशील कुमार पाण्डेय, अयोध्या, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री श्याम लाल राम, आजमगढ़, 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अरविन्द कुमार, बाँदा, 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बलि भद्र, गौतमबुद्धनगर, 17. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बलराम, हरदोई, 18. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अरुण कुमार राय, संतकबीरनगर, 19. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री युधिष्ठिर सिंह, कासगंज, 20. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री हरि नारायण सिंह, महाराजगंज, 21. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मिथिलेश कुमार, रेडियो मुख्यालय, 22. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अजय कुमार जायसवाल, रेडियो मुख्यालय, 23. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मुख्तार अहमद, रेडियो मुख्यालय, 24. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अनीश कुमार मिश्र, 35वीं वाहिनी, लखनऊ, 25. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजेन्द्र सिंह चौहान, बाँदा, 26. प्रधान परिचालक/75, श्री गंगा प्रसाद रावत, रेडियो मुख्यालय, 27. प्रधान परिचालक/510, श्री उमेश चन्द्र सक्सेना, रेडियो मुख्यालय, 28. सन्देश वाहक, श्री राधे श्याम मौर्य, रेडियो मुख्यालय, एवं 29. श्रमिक, श्री शिव नाथ मुखर्जी, रेडियो मुख्यालय।

सेवानिवृत्त हुए सभी 29 कार्मिकों को अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश द्वारा हस्ताक्षरित सम्मान–पत्र प्रदान करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी।



## श्रद्धांजलि

- जनपद चन्दौली में नियुक्त रहे प्रधान परिचालक (यॉत्रिक) 776 श्री योगेन्द्र नाथ राय की कोरोना संक्रमण के कारण दिनांक 19.06.2020 को बी0एच0यू0, वाराणसी में उपचार के दौरान असामयिक मृत्यु हो गयी।



उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक श्री राय के असामयिक निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिवारीजन को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

## कोविड-19 से बचाव के सम्बन्ध में रेडियो मुख्यालय/कालोनी में कृत कार्यवाही



- उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय एवं कॉलोनी परिसर में कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु जागरुकता अभियान चलाये गये।
- मुख्यालय के कार्यालयों तथा सम्पूर्ण परिसर को नियमित रुप से अधिकारियों/कार्यालयों की संतुष्टि के अनुसार सेनेटाइज़ कराया जा रहा है। संचार उपकरण एवं सामग्री आपूर्ति हेतु आने वाले वाहनों, वाहन चालकों, सहायकों इत्यादि की सेनेटाइज़िंग मुख्यालय के बाहर ही करायी जा रही है। प्रत्येक व्यक्ति की थर्मल स्कैनिंग भी करायी जा रही है।
- कॉलोनी के सभी आवासों की नियमित सेनेटाइज़िंग प्रचलन में है। कॉलोनी में बाहरी व्यक्तियों के आवागमन पर कड़ा नियंत्रण लागू है ताकि बाहर से कोई वायरस प्रभावित व्यक्ति कॉलोनी को प्रभावित न कर सके। कॉलोनी में आवासित परिवारों की सुविधा हेतु ब्रेड, दूध, फल एवं सब्जी इत्यादि की व्यवस्था कॉलोनी में ही करायी गयी जिससे स्टाफ को बाहर न जाना पड़े तथा संक्रमण से प्रभावित होने का खतरा कम से कम रहे।

## जनपदों में कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु पुलिस रेडियो का योगदान

- कोरोना कण्ट्रोल रूम : प्रदेश के सभी 75 जनपदों में स्थापित कराये गये '80 कोरोना कण्ट्रोल रूम' में आर0टी0 वायरलेस सेट अधिष्ठापित कराये गये हैं। इन कण्ट्रोल रूम में लगभग 100 पुलिस रेडियो कर्मियों की ड्यूटी लगाकर आवश्यक संचार कार्य सम्पादित कराया जा रहा है।
- जनपदीय अस्थायी जेल : अस्थायी जेलों में 03 सीसीटीवी, 11 आर0टी0 वायरलेस सेट एवं 09 पुलिस रेडियो कार्मिक जनपदीय पुलिस/प्रशासन की मदद हेतु उपलब्ध कराये गये हैं। मुख्य रुप से तबलीगी जमातियों हेतु अस्थायी जेल जनपद कानपुर नगर, गाज़ियाबाद, गौतमबुद्धनगर, शामली, मुरादाबाद, अमरोहा, सन्तकबीर नगर, उन्नाव, एवं लखनऊ में बनायी गयीं थीं।
- हॉटस्पाट एरिया : जनपदों के हॉटस्पाट एरिया में जनपदीय प्रशासन की माँग के क्रम में 19 सीसीटीवी, 38 आर0टी0 वायरलेस सेट तथा 09 पुलिस रेडियो कार्मिक जनपदीय पुलिस/प्रशासन की मदद हेतु उपलब्ध कराये गये हैं।
- जनपदीय क्वारनटाईन सेटर : जनपदीय 'क्वारनटाइन सेण्टर' में जनपद प्रशासन की माँग के क्रम में 11 सीसीटीवी, 29 आर0टी0 वायरलेस सेट तथा 14 पुलिस रेडियो कार्मिक जनपदीय पुलिस/प्रशासन की मदद हेतु उपलब्ध कराये गये हैं।
- जनपदीय कोविड अस्पतालः जनपद शाहजहाँपुर, बहराइच, लखनऊ एवं रायबरेली में स्थापित 'कोविड अस्पतालों' में 08 सीसीटीवी, 09 आर0टी0 वायरलेस सेट तथा 07 पुलिस रेडियो कार्मिक जनपदीय पुलिस/प्रशासन की मदद हेतु उपलब्ध कराये गये हैं।
- लॉकडाउन के दौरान रेलवे द्वारा संचालित विशेष श्रमिक रेलों एवं विशेष बसों के सम्बन्ध में : लॉकडाउन के दौरान रेलवे द्वारा संचालित विशेष श्रमिक रेलों तथा विशेष बसों के निर्बाध आवागमन तथा जनपद की कोरोना से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण ड्यूटियों के क्रम में 36 आर0टी0 वायरलेस सेट तथा 07 पुलिस रेडियो कार्मिक जनपदीय पुलिस/प्रशासन की मदद हेतु उपलब्ध कराये गये हैं।
- अतिरिक्त वायरलेस सेट उपलब्ध कराया जाना : जनपद लखनऊ, बाराबंकी, गाज़ियाबाद एवं सुरक्षा मुख्यालय की आवश्यकता के क्रम में 57 अतिरिक्त आर0टी0 वायरलेस सेट रेडियो मुख्यालय, लखनऊ से उपलब्ध कराये गये हैं।

उपरोक्तानुसार कोविड–19 के परिपेक्ष्य में स्थापित 80 कोरोना कण्ट्रोल रुम, 9 अस्थायी जेल, हॉट स्पॉट एरिया, क्वारेन्टाइन सेण्टर, 4 जनपदों के कोविड अस्पताल, विशेष श्रमिक रेलों के संचालन एवं कोरोना महामारी विषयक अनुवर्ती कार्यवाही हेतु 41 सी0सी0टी0वी0 तथा 203 आर0टी0 वायरलेस सेट का अधिष्ठापन/अनुरक्षण करते हुए 146 पुलिस रेडियो कार्मिकों द्वारा समय–समय पर 'कोरोना वॉरियर्स' के रुप में अपना अतुलनीय योगदान दिया है। पुलिस रेडियो के जनपदीय राजपत्रित अधिकारियों द्वारा भी कोविड–19 महामारी में उक्त व्यवस्था बनाने एवं सतत पर्यवेक्षण में अपना अहम योगदान दिया गया है।











लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।
मुद्रक – शिवा PRESS 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW
प्रतियाँ – 300